न्यायालय उपायुक्त, खूँटी

दाखिल खारिज रिवीजन वाद संख्या – 22R15/2012

बन्धन कुम्हार वगैरह – आवेदक

बनाम्

राजनाथ कुम्हार वगैरह – विपक्षी

आदेश

प्रस्तुत आवेदन बन्धन कुम्हार रंथु कुम्हार एवं जयपाल कुम्हार तीनों के पे0 बिगु कुम्हार, साकिन–सेनेगुटू, थाना+जिला–खूँटी ने भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, खूँटी के न्यायालय के दाखिल खारिज अपील वाद संख्या–12/06–07 में दिनांक–01.08.2012 को पारित आदेश के विरूद्व अपर समाहर्त्ता, खूँटी के न्यायालय में दायर किया गया। साथ में विलम्ब के लिए समयक्षांति आवेदन दाखिल किया गया है। तत्कालीन अपर समाहर्त्ता, द्वारा उक्त वाद की अग्रेत्तर सुनवाई हेतु दिनांक–05.09.2012 को दाखिल (Admit) कर विपक्षी को सूचना निर्गत किया गया तथा निम्न न्यायालय से अभिलेख की मांग की गई। विपक्षी द्वारा उपस्थिति दी गयी तथा निम्न न्यायालय से अभिलेख प्राप्त है जो अभिलेख पर है। तत्पश्चात् अभिलेख अपर समाहर्त्ता, खूँटी से हस्तांतरित होकर प्राप्त है।

अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट है कि आवेदक एवं विपक्षी दिनांक–08.09.2017 से लगातार न्यायालय में अनुपस्थित रहे हैं जिससे प्रतीत होता है कि उभय पक्षों को उक्त वाद मे कोई रूची नही है।

अतः उभय पक्षों द्वारा रूची नही लेने के कारण चल रहे वाद की अग्रेत्तर कार्रवाई बिना किसी प्रभावी आदेश के समाप्त किया जाता है।
लेखापित एवं संशोधित।

उपायुक्त,
खूँटी।

उपायुक्त,
खूँटी।